आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 08.12.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भगवान केदारनाथ के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से शीतकालीन यात्रा का शुभारम्भ किया।
- गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा की सुरक्षा, घुसपैठ रोकने और वामपंथी उग्रवाद से निपटने में सीमा सुरक्षा बल की भूमिका की सराहना की।
- मुख्यमंत्री ने रुद्रप्रयाग जिले में 48 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- और, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा– फार्मा उद्योग से राज्य की आर्थिक प्रगति के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में भी क्रांतिकारी बदलाव लाया जा सकता है।

<u>शीतकालीन यात्रा</u>

उत्तराखंड में आज से शीतकालीन चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भगवान केदारनाथ के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर से यात्रा का शुभारम्भ करते हुए कहा कि अब श्रद्धालु चारों धामों के शीतकालीन गद्दी स्थलों पर दर्शन कर सकेंगे। इस अवसर पर श्री धामी ने कहा कि सरकार शीतकालीन चारधाम यात्रा की सुविधाओं के विकास के लिए आवश्रूक प्रयास करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा के शुरू होने से देवभूमि के तीर्थाटन व पर्यटन को और मजबूती मिलेगी। साथ ही स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। शीतकालीन चारधाम यात्रा की पहल से क्षेत्र में आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने और श्रद्धालुओं को उत्तराखंड के शीतकालीन परिदृश्य के शांत आकर्षण का अनुभव मिलने की उम्मीद है।

गृह मंत्री अमित शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने देश की सीमा की सुरक्षा, घुसपैठ रोकने और वामपंथी उग्रवाद से निपटने में सीमा सुरक्षा बल की भूमिका की सराहना की है। गृहमंत्री ने कहा है कि सीमा सुरक्षा बल छह दशकों से देश की सीमा सुरक्षा को मजबूत करने में लगी है। जोधपुर में आज सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना

दिवस में श्री शाह ने कहा कि वर्ष 1965 से देश की पूर्वी और पश्चिमी सीमाओं को सुरक्षित रखने में सीमा सुरक्षा बल ने उत्कृष्ट कार्य किया है।

यू पी आई

भारत के एकीकृत भुगतान प्रणाली–यू पी आई ने वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और समान आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में सफलता प्राप्त की है। भारतीय प्रबन्धन संस्थान और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के एक अध्ययन के अनुसार, यूपीआई ने वंचित समूहों को औपचारिक ऋण तक पहुँचने में सक्षम बनाया है। वर्ष 2016 में शुरू यू पी आई ने देश में वित्तीय लेन–देन के स्वरूप को बदल दिया है।

सीडीएस जनरल बिपिन रावत

देश के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत की आज पुण्यतिथि है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के कनक चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि दो सीमावर्ती ब्रिगेड पिथौरागढ़ और जोशीमठ में सेना के माध्यम से गांवों को संवारने का काम भी जनरल बिपिन रावत के प्रयासों से हुआ है। उन्होंने कहा कि जनरल रावत की स्मृति में गुनियाल गांव में भव्य सैन्यधाम का निर्माण किया जा रहा है। श्री जोशी ने कहा कि पहाड़ के युवाओं को सेना में नौकरी के लिए ऊंचाई में छूट जनरल बिपिन रावत की वजह से ही संभव हो पाई।

गौरतलब है कि बिपिन रावत का जन्म 16 मार्च 1958 को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले में हुआ था। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और भारतीय सैन्य अकादमी से स्नातक की उपाधि प्राप्त की थी।

औद्योगिक एवं पर्यटन विकास मेला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रप्रयाग के स्यालसौड़ में कृषि, औद्योगिक एवं पर्यटन विकास मेले में 48 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। जिसमें करीब 47 करोड़ 43 लाख रुपये की 18 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास और 1 करोड़ 23 लाख रुपये की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये योजनाएं रुद्रप्रयाग जिले के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटक स्थलों का विकास किया जा रहा है। इसके साथ ही उद्योगों को बढ़ावा

देकर रोजगार सृजन की दिशा में काम किया जा रहा है। इस मौके पर श्री धामी ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि चारधाम यात्रा पूरे साल यानि 12 महीने चलती रहे, ताकि क्षेत्र के लोगों को निरंतर आर्थिक लाभ मिल सके।

डॉ धन सिंह रावत

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि उत्तराखंड में फार्मा उद्योग की अपार संभावनाएं हैं, जो राज्य की आर्थिक प्रगति के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती हैं। आज हरिद्वार में उत्तरांचल औषधि महासंघ की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. रावत ने सभी से इसके लिए एकजुट होकर प्रयास करने का आह्वान किया।

शिक्षा मंत्री ने हरिद्वार के अलीपुर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं से बातचीत करने के साथ ही छात्रावास में दी जा रही सभी सुविधाओं की जानकारी भी ली। इस अवसर पर डॉ. रावत ने कहा कि राज्य के सभी छात्रावासों को सुविधाओं की दृष्टि से सुदृढ़ और समृद्ध बनाने के लिए निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं।

विश्व हिन्दू परिषद

विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष चंपत राय ने समाज को एकजुट रखने के लिए अपनी परंपराओं, जड़ों और संस्कृति से जुड़े रहने पर जोर दिया है। आज हरिद्वार के देव संस्कृति विश्वविद्यालय में ज्योति कलश यात्रा कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री राय ने कहा कि हमारी संस्कृति और परंपराएं हमारी पहचान हैं और इनके माध्यम से हम समाज और राष्ट्र के सशक्तिकरण की ओर बढ़ सकते हैं।

वाहन चैकिंग

प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस सघन चेकिंग अभियान चला रही है। अभियान का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना भी है। इसी क्रम में अल्मोड़ा जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। संभागीय परिवहन कर अधिकारी पवन कुमार ने आज रानीखेत क्षेत्र में ओवरलोडिंग, ड्रिंक एंड ड्राइव, हेलमेट, सीट बेल्ट और वाहन फिटनेस आदि के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग का चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

यूपीसीएल

उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड– यू.पी.सी.एल ने शीतकाल में राज्य के प्रमुख तीर्थ और पर्यटक स्थलों पर सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक के अनुसार पर्यटक स्थलों से संबंधित सभी सबस्टेशनों, विद्युत लाइनों और स्ट्रीट लाइटों की स्थिति पर नियमित रूप से नजर रखी जा रही है। साथ ही आपातकालीन स्थितियों के लिए सभी आवश्यक विद्युत सामग्री की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार के विद्युत व्यवधान को तत्काल दुरुस्त किया जा सके। इसके साथ ही सभी अधीक्षण अभियंताओं और अधिशासी अभियंताओं को अपने क्षेत्र के 33/11 केवी सबस्टेशनों और 11 केवी फीडरों का निरीक्षण कर हाई अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं।

निर्वाचन आयोग

प्रदेश में संभावित नगर निगम चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में ऋषिकेश के सभी बूथों पर तीन दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत की गई है। शिविर का उद्देश्य मतदाता सूची से छूटे हुए मतदाताओं को जोड़ना और 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को मतदाता सूची में शामिल करना है।